UP उपचुनाव 2024

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव की तैयारी चल रही है।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - उपचुनाव, जिसे **उप-चुनाव या विशेष चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, भारत के विधायी निकायों में रिक्त सीटों को भरने** के लिये आयोजित चुनावों को संदर्भित करता है।
  - यह **व्यापक चुनावी चक्र के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण घटक** के रूप में कार्य करता है तथा **अप्रत्याशित रिक्तियों को संबोधित** करके नियमित चुनावों का पूरक बनता है।
- **उद्देश्य:**
  - उपचुनावों का प्राथमिक उद्देश्य **रिक्त सीटों के लिये समय पर नामांकन सुनिश्चित करना** है, ताकि **प्रभावित निर्वाचन क्षेत्र या ज़िले का विधानमंडल में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित** हो सके।
- **आयोजन:**
  - उपचुनाव तब आयोजित किये जाते हैं जब विधानमंडल में कोई सीट किसी मौजूदा **सदस्य की मृत्यु, त्यागपत्र, अयोग्यता या निष्कासन जैसे कारणों से रिक्त** हो जाती है।
- **निर्धारित समय - सीमा:**
  - जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 151A के तहत निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानमंडलों में आकस्मिक रिक्तियों को रिक्ति होने की तिथि से **छह माह के भीतर उपचुनावों के माध्यम से भरने का अधिकार दिया गया है,** बशर्ते कि रिक्ति के संबंध में **सदस्य का शेष कार्यकाल एक वर्ष या उससे अधिक हो।**
  - इसलिये, **यदि लोक सभा का शेष कार्यकाल रिक्तियों की तिथि से एक वर्ष से कम है, तो उप-चुनाव कराने की कोई आवश्यकता नहीं** है।
- **प्रभाव:**
  - **राजनीतिक परिदृश्य पर प्रभाव:** उप-चुनाव प्रायः राजनीतिक दलों **और उनकी लोकप्रियता के लिये एक कसौटी के रूप में काम** करते हैं।
    - वे दलों को **जनता की भावना को समझने तथा अपने समर्थन आधार का आकलन** करने का अवसर प्रदान करते हैं।
  - **सरकार के बहुमत पर प्रभाव:** उपचुनाव के परिणाम सत्तारूढ़ सरकार के बहुमत को प्रभावित कर सकते हैं।
    - यदि **सत्तारूढ़ दल उपचुनावों में बड़ी संख्या में सीटें हार जाती है, तो इससे विधानमंडल में उसका बहुमत समाप्त हो सकता है,** जिसका असर सरकार की स्थिरता और निर्णय लेने की क्षमता पर पड़ सकता है।
  - **चुनावी रणनीतियों का परीक्षण:** उप-चुनाव राजनीतिक दलों को **अपनी चुनावी रणनीतियों का परीक्षण करने तथा अपने अभियान के तरीकों को बेहतर बनाने** का अवसर प्रदान करते हैं।
    - दल **उपचुनावों के दौरान उम्मीदवारों के चयन, अभियान के विषय और संदेश के साथ प्रयोग** कर सकते हैं, जो बाद के चुनावों में उनकी रणनीतियों को प्रभावित कर सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-bypolls-2024